रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-18062026-273590
CG-DL-E-18062026-273590

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 443] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 18, 2026/ज्येष्ठ 28, 1948
No. 443] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 18, 2026/JYAISTHA 28, 1948

संचार मंत्रालय

(दूरसंचार विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 जून, 2026

सा.का.नि. 494(अ).—निम्नलिखित मसौदा नियम, जो केंद्रीय सरकार दूरसंचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44) की धारा 4 की उप-धारा (3) और धारा 8 की उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 56 की उप-धारा (1) और उप-धारा (2) के खंड (छ) और (ड) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का प्रस्ताव करती है, इसके द्वारा प्रभावित होने की संभावना वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद द्वारा प्रकाशित करती है और सूचित करती है कि राजपत्र में यथा प्रकाशित इस अधिसूचना की प्रतियां सर्वसाधारण के लिए उपलब्ध कराए जाने की तारीख से तीस दिनों की अवधि की समाप्ति के बाद उक्त मसौदा नियमों पर विचार किया जाएगा:

यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो तो संयुक्त सचिव (दूरसंचार), दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार, संचार भवन, 20, अशोका रोड, नई दिल्ली- 110001 को भेजे जा सकते हैं:

उक्त मसौदा नियमों के संबंध में उपर्युक्त अवधि की समाप्ति से पहले किसी भी व्यक्ति से प्राप्त होने वाली आपत्तियों या सुझाव पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

अध्याय ।

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ- (1) इन नियमों को दूरसंचार (प्रशासनिक प्रक्रिया द्वारा स्पेक्ट्रम समनुदेशन) नियम, 2026 कहा जा सकता है।

(2) ये उस तिथि से लागू होंगे जो केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे।

2. परिभाषाएँ– (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा आवश्यकता न हो-

(क) "अधिनियम" का तात्पर्य दूरसंचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44) है;

(ख) "आशय पत्र" का तात्पर्य नियम 6 के उप-नियम (1) के तहत जारी किया गया पत्र है;

(ग) "पोर्टल" का तात्पर्य नियम 14 में निर्दिष्ट पोर्टल है;

(घ) "स्पेक्ट्रम समनुदेशन" का तात्पर्य नियम 6 के उप-नियम (4) के तहत किसी रेडियो स्टेशन द्वारा स्पेक्ट्रम के उपयोग के लिए जारी की गई अनुमति है; तथा

(ङ) "स्पेक्ट्रम प्रभार" का तात्पर्य रेडियो स्टेशन या रेडियो उपकरण के लिए स्पेक्ट्रम शुल्क और वो शुल्क है, जो अनुसूची ॥ के संगत अनुलग्नक में विनिर्दिष्ट है।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्तियाँ जो यहाँ परिभाषित नहीं हैं लेकिन अधिनियम, उसके अधीन बनाए गए नियम या केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय आवृत्ति आवंटन योजना (नेशनल फ़्रीक्वेंसी अलॉटमेंट प्लान) में परिभाषित हैं, के अर्थ वही होंगे जो उन्हें क्रमशः अधिनियम, उक्त नियमों या उक्त योजना में दिए गए हैं ।

3. कार्यक्षेत्र और प्रयोज्यता--(1) ये नियम अधिनियम की पहली अनुसूची में सूचीबद्ध प्रविष्टियों के संबंध में प्रशासनिक प्रक्रिया द्वारा स्पेक्ट्रम समनुदेशन के निबंधन और शर्तों को निर्धारित करते हैं।

(2) इन नियमों की अनुसूची-। में ऐसे व्यक्तियों को विनिर्दिष्ट किया गया है जो अधिनियम की प्रथम अनुसूची की प्रविष्टियों के संबंध में प्रशासनिक प्रक्रिया द्वारा स्पेक्ट्रम समनुदेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं, , ऐसी प्रविष्टियों के लिए विशिष्ट उपयोगों, ऐसी प्रविष्टियों के लिए लागू अनुसूची-॥ के अनुलग्नकों

के साथ-साथ इन नियमों की अनुसूची-II और स्पेक्ट्रम समनुदेशन के निबंधन और शर्तों जो प्रत्येक अनुलग्नक के लिए विशिष्ट हैं, और स्पेक्ट्रम प्रभारों के निर्धारण के लिए कार्यप्रणाली को विनिर्दिष्ट करते हैं ।

4. पात्रता शर्तें- (1) इन नियमों के तहत स्पेक्ट्रम समनुदेशन के लिए आवेदन करने वाला कोई भी व्यक्ति इन नियमों में और अनुसूची । की प्रासंगिक प्रविष्टि में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा करेगा।

(2) यदि स्पेक्ट्रम समनुदेशन के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, ऐसी सरकार द्वारा नामित एजेंसी या कानून के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय नहीं है, तो यह निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करेगा, अर्थात्:-

(क) यदि ऐसा व्यक्ति एक कंपनी है, तो ऐसी कंपनी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, यदि कोई हो, भारत के मौजूदा कानूनों और नीतियों के अनुरूप होगा; तथा

(ख) यदि ऐसा व्यक्ति एक कंपनी है, तो ऐसी कंपनी में प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारी ऐसे सुरक्षा संबंधी मानदंडों को पूरा करेंगे जिन्हें केंद्रीय सरकार पोर्टल पर विनिर्दिष्ट कर सकती है।

स्पष्टीकरण– इन नियमों के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति–

(क) "लाइसेंस" का तात्पर्य किसी लाइसेंस, पंजीकरण या अनुमति, किसी भी नाम से ज्ञात हो, भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 (1885 का 13) के तहत दी गई मंजूरी से है; तथा

(ख) "प्रत्यक्ष विदेशी निवेश" का वही अर्थ होगा जो विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (1999 का 42) के तहत गैर-ऋण लिखतों के संबंध में बनाए गए नियमों में इसे दिया गया है।

(3) उप-नियम (1) से (2) के तहत विनिर्दिष्ट व्यक्ति अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रासंगिक प्रविष्टि के तहत स्पेक्ट्रम समनुदेशन के प्रयोजनों के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा पोर्टल पर यथा विनिर्दिष्ट किसी अन्य मानदंड का भी पालन करेंगे।

अध्याय II

स्पेक्ट्रम समनुदेशन का आवेदन और मंजूरी

5. आवेदन- (1) इन नियमों के अधीन स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्राप्त करने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति ऐसे प्रपत्र और रीति से और एक हजार रुपए के अप्रतिदेय आवेदन शुल्क के भुगतान और ऐसी सूचना और दस्तावेजों के साथ एक आवेदन प्रस्तुत करेगा, जो केंद्रीय सरकार पोर्टल पर विनिर्दिष्ट करे जिसमें शामिल हैं-

(क) स्पेक्ट्रम का विनिर्दिष्ट उपयोग;

(ख) आवेदक द्वारा धारित प्राधिकार या लाइसेंस का प्रकार, यदि लागू हो;

(ग) विधिपूर्ण अपरोधन करने वाले सिस्टम, विधिपूर्ण अपरोधन की निगरानी करने वाली सुविधाओं और केंद्रीय सरकार द्वारा बताई गई किसी भी अन्य अतिरिक्त कार्यात्मक आवश्यकता, यदि लागू हो, के सफल प्रदर्शन का प्रमाण;

(घ) संचालन का भौगोलिक क्षेत्र;

(ङ) ऐसे उपकरणों की तकनीकी डेटा शीट के साथ-साथ आवश्यक रेडियो उपकरणों का अनुमानित प्रकार और मात्रा;

(च) आवृत्ति रेंज और ट्रांसमिशन पैरामीटर, जिसमें बैंडविड्थ, मोड, उत्सर्जन डेज़िग्नेटर, ट्रांसमिट पावर, स्पेक्ट्रम के उपयोग के लिए आवश्यक ईआईआरपी स्तर, और उपयोग किए जाने वाले सैटेलाइट नेटवर्क की जानकारी, इसके कक्षीय मापदंडों और रेडियो संचार सेवा के साथ, यदि लागू हो, शामिल है;

(छ) प्रस्तावित अवधि जिसके लिए स्पेक्ट्रम समनुदेशन की मांग की गई है; तथा

(ज) लागू कानून के तहत अनुमतियां यदि लागू हो तो, उस क्षेत्र के लिए संगत जिसके लिए समनुदेशन मांगा गया है।

बशर्ते कि जहां ऐसा उपकरण है जो दूरसंचार को अवरुद्ध करता है, उसी के संबंध में समनुदेशन की मांग करने वाला व्यक्ति, ऐसे आवेदन के साथ, अधिनियम की धारा 48 के तहत प्राप्त अनुमति प्राप्त करेगा।

(2) यदि उप-नियम (1) के तहत आवेदक एक निश्चित स्थल पर रेडियो उपकरण स्थापित करने का इरादा रखता है, तो वह लागू शुल्क के साथ ऐसे प्रकार और तरीके से लागू मंजूरी प्राप्त करने के लिए आवेदन करेगा, जैसा कि केंद्रीय सरकार पोर्टल पर विनिर्दिष्ट कर सकती है:

बशर्ते कि यदि केंद्रीय सरकार इस उप-नियम के तहत आवेदन को अस्वीकार कर देती है, तो आवेदक इस तरह की मंजूरी के लिए नए सिरे से आवेदन कर सकता है, जिसमें रेडियो उपकरण की स्थापना के लिए एक वैकल्पिक साइट दी हो:

बशर्ते यह भी कि अधिनियम की प्रथम अनुसूची की निम्नलिखित प्रविष्टियों के संबंध में स्पेक्ट्रम समनुदेशन के इच्छुक आवेदक स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्रदान किए जाने के बाद ऐसी स्वीकृति के लिए आवेदन कर सकते हैं, अर्थात् -

(क) प्रविष्टि 1: राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा;

(ख) प्रविष्टि 2: विधि प्रवर्तन और अपराध निवारण;

(ग) प्रविष्टि 11: पब्लिक मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवाएं;

(घ) प्रविष्टि 12: दूरसंचार सेवाओं के लिए रेडियो बैकहॉल; तथा

(ङ) प्रविष्टि 18: भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल)।

स्पष्टीकरण--शंकाओं को दूर करने के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि उप-नियम (2) के तहत पूर्व मंजूरी प्राप्त किए बिना एक निश्चित स्थल पर रेडियो उपकरण की स्थापना नहीं की जाएगी।

6. स्पैक्ट्रम समनुदेशन प्रदान करना-(1) केंद्रीय सरकार, ऐसी जांच करने के बाद, जो वह उचित समझे, आवेदक से ऐसी सूचना प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगी जिसकी वह मांग कर सकती है और नियम 5 के उप-नियम (2) के अधीन लागू स्वीकृति प्राप्त करने के अध्यधीन और स्पेक्ट्रम की उपलब्धता और संगत सुरक्षा स्वीकृतियों, जहां लागू हो, आशय पत्र जारी करेगी:

बशर्ते कि केंद्रीय सरकार, जनहित में, नियम 5 के उपनियम (2) के दूसरे परंतुक में विनिर्दिष्ट के अलावा अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टियों के संबंध में ऐसी लागू स्वीकृति प्राप्त करने से पूर्व आशय पत्र जारी कर सकती है।

(2) उप-नियम (1) के तहत जारी किए गए आशय पत्र में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होंगे, अर्थात्: -

(क) अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रासंगिक प्रविष्टि और अनुसूची II के लागू अनुलग्नकों के साथ स्पेक्ट्रम समनुदेशन के विशिष्ट उपयोग;

(ख) लागू स्पेक्ट्रम प्रभार और ऐसे प्रभारों के भुगतान के लिए समय-सीमा;

(ग) आवृत्ति रेंज और ट्रांसमिशन पैरामीटर, जिसमें बैंडविड्थ, मोड, उत्सर्जन डेज़िग्नेटर, संचारित शक्ति, स्पेक्ट्रम के उपयोग के लिए आवश्यक ईआईआरपी स्तर, और उपयोग किए जाने वाले सैटेलाइट नेटवर्क की जानकारी, इसके कक्षीय मापदंडों और रेडियो संचार सेवा के साथ, यदि लागू हो तो, शामिल है;

(घ) संचालन का भौगोलिक क्षेत्र;

(ङ) प्रासंगिक रेडियो स्टेशन और ऐसे स्टेशनों का स्थान; तथा

(च) रेडियो उपकरणों का प्रकार और मात्रा।

(3) आशय पत्र का प्राप्तकर्ता, ऐसे पत्र में निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर, -

(क) ऐसे पत्र में यथा विनिर्दिष्ट स्पेक्ट्रम प्रभारों के संघटक का भुगतान करेगा, तथा

(ख) संबंधित रेडियो उपकरण की खरीद करेगा।

(4) इस बात से संतुष्ट होने पर कि आवेदक द्वारा आशय पत्र में विनिदष्ट अपेक्षाओं को पूरा कर लिया गया है, केंद्रीय सरकार अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित को विनिदष्ट करते हुए पोर्टल के माध्यम से स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्रदान करेगी, अर्थात् -

(क) आशय पत्र में विनिर्दिष्ट विवरण; तथा

(ख) स्पेक्ट्रम समनुदेशन की प्रभावी तिथि और अवधि।

बशर्ते कि यदि केंद्रीय सरकार ने रेडियो उपस्करों की संस्थापना के लिए लागू स्वीकृति प्राप्त करने से पहले आशय पत्र जारी किया है तो ऐसी स्वीकृति प्राप्त होने के बाद स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्रदान किया जाएगा।

स्पष्टीकरण- शंकाओं को दूर करने के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि स्पेक्ट्रम समनुदेशन की अवधि एक कैलेंडर महीने की अवधि से कम है, तो पूरे कैलेंडर महीने के लिए स्पेक्ट्रम प्रभार लागू होगा।

(5) एक समनुदेशिती के पास अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के खंड (ग) के तहत एक अलग प्राधिकार की अपेक्षा के बिना अपने स्पेक्ट्रम समनुदेशन में निर्दिष्ट रेडियो उपकरण हो सकता है।

(6) केंद्रीय सरकार पोर्टल पर स्पेक्ट्रम समनुदेशन की अधिकतम अवधि और अधिनियम की प्रथम अनुसूची की एक या अधिक प्रविष्टियों के संबंध में इन नियमों के अधीन प्रदान किए जाने वाले स्पेक्ट्रम समनुदेशन की संख्या की सीमा निर्दिष्ट कर सकती है।

7. सामान्य नियम और शर्तें- एक समनुदेशिती निम्नलिखित नियमों और शर्तों का पालन करेगा, अर्थात्: -

(क) अनुमत रेडियो उपकरणों की एक अद्यतन सूची बनाना और केवल अधिकृत कर्मियों द्वारा इसकी सुरक्षित हिरासत और संचालन सुनिश्चित करना;

(ख) स्पेक्ट्रम समनुदेशन की अवधि के दौरान नियम 4 में निर्दिष्ट पात्रता शर्तों का पालन करना;

(ग) सुनिश्चित करना कि इसके रेडियो स्टेशन केवल उन विशिष्ट उपयोगों के लिए संचालित होते हैं जिनके लिए स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्रदान किया गया है;

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करना कि इसका दूरसंचार नेटवर्क अन्य अनुमत दूरसंचार नेटवर्क में हस्तक्षेप नहीं करे;

(ङ) अपने दूरसंचार नेटवर्क को सार्वजनिक दूरसंचार नेटवर्क से नहीं जोड़ना, जिसमें सार्वजनिक स्विच्ड टेलीफोन नेटवर्क, सार्वजनिक लैंड मोबाइल नेटवर्क, सैटेलाइट या इंटरनेट द्वारा वैश्विक मोबाइल व्यक्तिगत संचार शामिल है, जब तक कि केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमति न दी जाए;

(च) यह सुनिश्चित करना कि इसका दूरसंचार नेटवर्क मानकों के अनुरूप है, जैसा लागू हो, जिसे केंद्रीय सरकार अधिनियम की धारा 19 के तहत अधिसूचित मानकों सहित निर्दिष्ट कर सकती है;

(छ) केंद्रीय सरकार के पूर्व लिखित अनुमोदन के बिना अपने स्पेक्ट्रम समनुदेशन को सौंपना या हस्तांतरित नहीं करना;

(ज) भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के हित में केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए किसी भी सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करना;

(झ) पोर्टल पर अपने दूरसंचार नेटवर्क को प्रभावित करने वाली अनधिकृत पहुंच, अपरोधन, स्पूफिंग, क्लोनिंग, जैमिंग या अन्य सुरक्षा घटना की किसी भी घटना की रिपोर्ट ऐसे प्रपत्र और तरीके से करना, जो इस संबंध में निर्दिष्ट किया जा सकता है;

(ञ) निम्नलिखित के लिए केंद्रीय सरकार और उसके द्वारा प्राधिकृत किसी भी एजेंसी को सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान करना-

(i) अपने रेडियो उपकरणों के दुरुपयोग, असुरक्षित किए जाने या गैरकानूनी संचालन से संबंधित मामले; तथा

(ii) स्पैक्ट्रम के उपयोग के नियमों और शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने और निर्धारित स्पेक्ट्रम के हस्तक्षेप-मुक्त उपयोग को सक्षम बनाने के लिए निगरानी और प्रवर्तन; तथा

(ट) इसके रेडियो उपकरणों के नुकसान, चोरी, कब्जे के नुकसान या संदिग्ध दुरुपयोग की किसी भी घटना की सूचना पोर्टल पर ऐसे प्रपत्र और तरीके से देना, जैसा कि इस संबंध में निर्दिष्ट किया जा सकता है।

8. स्पेक्ट्रम समनुदेशन के निबंधन और शर्तों में संशोधन या परिवर्तन-(1) स्पेक्ट्रम समनुदेशन में विनिर्दिष्ट विवरणों में से रेडियो स्टेशनों के विवरणों, आवृत्ति या किसी अन्य तकनीकी पैरामीटरों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की मांग करने वाला समनुदेशिती पोर्टल पर एक हजार रुपये के गैर-वापसी योग्य शुल्क के साथ ऐसे प्रपत्र में एक आवेदन प्रस्तुत करेगा, जैसा कि केंद्रीय सरकार पोर्टल पर विनिर्दिष्ट कर सकती है।

(2) केंद्रीय सरकार, उप-नियम (1) के अधीन किसी आवेदन की जांच करने और स्पेक्ट्रम की उपलब्धता, जहां लागू हो, संगत सुरक्षा स्वीकृतियों और लागू स्पेक्ट्रम प्रभारों के भुगतान के अध्यधीन ऐसे आवेदन को अनुमोदित कर सकती है और एक अद्यतन स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्रदान कर सकती है।

(3) केंद्रीय सरकार, स्वतः संज्ञान लेकर भी समनुदेशन के निबंधन एवं शर्तों को संशोधित और उनमें बदलाव अथवा तकनीकी समायोजन भी कर सकती है, जिसमें आवृत्ति बैंड, शक्ति या उत्सर्जनों के प्रकारों के उपयोग में परिवर्तन करना भी शामिल है, यदि वह संतुष्ट हो जाती है कि ऐसा करना निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखते हुए समीचीन है -

(क) राष्ट्रीय आवृत्ति आवंटन योजना के प्रावधान;

(ख) उपस्करों के संबंध में कुशल स्पेक्ट्रम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बेहतर तकनीकी मानकों को लागू करने की आवश्यकता;

(ग) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रेडियो हस्तक्षेप शमन आवश्यकता; तथा

(घ) स्पेक्ट्रम के री-फार्मिंग, सामंजस्य या इष्टतम उपयोग के संबंध में कोई भी नियम, जो केंद्रीय सरकार निर्धारित कर सकती है।

(4) केंद्रीय सरकार, उप-नियम (3) के अधीन किसी संशोधन या भिन्नता के अनुसरण में, संबंधित समनुदेशिती को एक अद्यतन स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्रदान करेगी।

(5) समनुदेशिती पोर्टल पर केंद्रीय सरकार द्वारा निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर इस नियम के तहत किसी भी संशोधन या भिन्नता को लागू करेगा।

(6) इस नियम के तहत स्पेक्ट्रम समनुदेशन में कोई भी संशोधन या भिन्नता मूल रूप से समनुदेशिती को जारी किए गए स्पेक्ट्रम समनुदेशन में निर्दिष्ट अवधि को प्रभावित नहीं करेगी।

अध्याय III

नवीनीकरण और समर्पण

9. नवीनीकरण- (1) प्रविष्टि 18, अर्थात्, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल), के अलावा अधिनियम की पहली अनुसूची की किसी भी प्रविष्टि के संबंध में स्पेक्ट्रम समनुदेशन धारण करने वाला एक समनुदेशिती, स्पेक्ट्रम समनुदेशन के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकता है, इसकी समाप्ति की तारीख से कम से कम एक महीने पहले, इस तरह के प्रपत्र और तरीके से और ऐसे स्पेक्ट्रम प्रभारों के साथ जैसा कि केंद्रीय सरकार पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकती है।

(2) किसी समनुदेशिती से लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर, केंद्रीय सरकार उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के पश्चात् आवेदन की अनुमति दे सकती है, यदि वह संतुष्ट हो जाती है कि ऐसी अवधि के भीतर ऐसा आवेदन न करने का पर्याप्त कारण था, बशर्ते कि ऐसे विलंब शुल्क का भुगतान किया जाता है जैसा कि केंद्रीय सरकार ऐसे अनुरोध के उत्तर में विनिर्दिष्ट कर सकती है।

(3) अधिनियम की प्रथम अनुसूची की प्रविष्टि 19 के अधीन परीक्षण अथवा प्रायोगिक के संबंध में जारी किए गए स्पेक्ट्रम समनुदेशन के नवीनीकरण के लिए उप-नियम (1) के अधीन कोई भी आवेदन, ऐसे परीक्षण या प्रयोग के परिणाम और ऐसे नवीनीकरण की मांग करने के कारणों को प्रमाणित करने वाले सहायक दस्तावेजों के साथ संलग्न किया जाएगा।

(4) केंद्रीय सरकार, अपने विवेक से, उप-नियम (1) या (2) के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर, इन नियमों और ऐसे नवीनीकरण के समय लागू कानून और नीति के अनुपालन के अधीन रहते हुए, केंद्रीय सरकार द्वारा निर्णीत की जाने वाली अवधि के लिए स्पेक्ट्रम समनुदेशन का नवीनीकरण कर सकती है।

(5) अधिनियम की प्रथम अनुसूची की प्रविष्टि 18 अर्थात्, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल), के संबंध में स्पेक्ट्रम समनुदेशन नवीनीकरण के लिए पात्र नहीं होगा और संबंधित समनुदेशिती स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्राप्त करने के लिए नियम 5 के तहत एक नया आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

10. स्पेक्ट्रम का समर्पण–(1) स्पेक्ट्रम समर्पण करने का इच्छुक कोई समनुदेशिती समर्पण की प्रस्तावित तारीख से कम से कम तीस दिन पहले ऐसे प्रपत्र और रीति से जैसा कि केंद्रीय सरकार पोर्टल पर विनिर्दिष्ट करे, , स्पेक्ट्रम प्रभारों के भुगतान के प्रमाण या आवेदन की तारीख तक उसके द्वारा संदेय किसी अन्य लागू देय के प्रमाण और ऐसी अन्य जानकारी ऐसे प्रपत्र में जो केंद्रीय सरकार पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकती है, के साथ आवेदन प्रस्तुत करेगा ।

(2) केंद्रीय सरकार उप-नियम (1) के तहत एक आवेदन को अनुमोदित या अस्वीकार कर सकती है, और यदि अनुमोदित किया जाता है, तो समर्पण की प्रभावी तारीख इस तरह के आवेदन की प्राप्ति की तारीख से इकतीसवें दिन होगी, या समर्पण की प्रस्तावित तारीख, जो भी बाद में हो।

(3) स्पेक्ट्रम के समर्पण के बाद, यदि केंद्रीय सरकार यह निर्धारित करती है कि समनुदेशिती द्वारा देय सभी देय राशियों के निपटान के बाद कोई शेष राशि है, तो वह या तो समनुदेशिती के अन्य सक्रिय समनुदेशन के लिए लंबित ऐसी राशियों को समायोजित कर सकती है या समनुदेशिती को ऐसी राशि वापस कर सकती है।

(4) इस नियम के तहत अपने स्पेक्ट्रम को समर्पण करने वाले प्रत्येक समनुदेशिती, केंद्रीय सरकार को देय सभी राशियों का भुगतान करेगा जिसमें उप-नियम (2) में यथा निर्दिष्ट समर्पण की प्रभावी तारीख तक देय स्पेक्ट्रम प्रभार भी शामिल है।

(5) अधिनियम की प्रथम अनुसूची की प्रविष्टि 18 के संबंध में स्पेक्ट्रम का समर्पण दूरसंचार (नीलामी के माध्यम से स्पेक्ट्रम समनुदेशन) नियम, 2026 के अनुसार किया जाएगा।

11. रेडियो उपकरणों का निपटान- (1) नीचे दी गई सारणी 1 में निर्दिष्ट किसी भी घटना के घटित होने पर, संबंधित समनुदेशिती नीचे सारणी । में निर्दिष्ट अवधि के अनुसार स्पेक्ट्रम समनुदेशन में निर्दिष्ट रेडियो उपकरणों का निपटान करेगा-

सारणी ।

क्रम संख्या	**निपटान से संबंधित घटना**	**निपटान के लिए सीमा**
1.	नवीकरण न होने के कारण स्पेक्ट्रम समनुदेशन की समाप्ति।	ऐसी समाप्ति के तीन महीने के भीतर।
2.	नियम 10 के तहत किए गए समर्पण के लिए किए गए आवेदन को केंद्रीय सरकार द्वारा स्वीकृति।	इस तरह के समर्पण की प्रभावी तिथि से दो महीने के भीतर।
3.	नियम 7 के तहत केंद्रीय सरकार के एक आदेश के अनुसार समनुदेशन का निरसन।	इस तरह के आदेश की तारीख से दो महीने के भीतर।

(2) संबंधित समनुदेशिती उप-नियम (1) के अधीन किसी भी विधि का प्रयोग करते हुए, जैसा कि केंद्रीय सरकार पोर्टल पर विनिर्दिष्ट करे, का निपटान करेगा और ऐसे निपटान का प्रमाण देने वाला दस्तावेज ऐसे प्रपत्र और रीति से प्रस्तुत करेगा, जैसा कि केंद्रीय सरकार उस पर विनिर्दिष्ट करे।

अध्याय IV

विविध

12. केन्द्रीय सरकार की शक्तियाँ–(1) केंद्रीय सरकार पोर्टल पर भारत के राज्यक्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं, नियंत्रण रेखा, भारत की वास्तविक नियंत्रण रेखा या किसी अन्य क्षेत्र के निकट आने वाले प्रतिबंधित क्षेत्रों में समनुदेशिती द्वारा स्पेक्ट्रम के उपयोग पर प्रतिबंध विनिर्दिष्ट कर सकती है, जैसा कि केंद्रीय सरकार पोर्टल पर विनिर्दिष्ट कर सकती है।

(2) केंद्रीय सरकार, इन नियमों को प्रभावी करने के प्रयोजन के लिए, ऐसे आदेश, निदेश या दिशानिर्देश जारी कर सकती है जो अधिनियम या इन नियमों से असंगत न हों, जो प्रत्येक समनुदेशिती पर लागू निबंधन और शर्तों का गठन करेंगे।

(3) केंद्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इन नियमों की अनुसूचियों में संशोधन कर सकती है।

13. उल्लंघन- (1) एक समनुदेशिती द्वारा इन नियमों के तहत नियमों और शर्तों का उल्लंघन अधिनियम की धारा 32 में निर्दिष्ट उल्लंघन माना जाएगा।

(2) केंद्रीय सरकार, अधिनियम की धारा 32 की उपधारा (1) के खंड (ख) के अधीन प्राप्त सिफारिशों पर विधिवत विचार करने के पश्चात् और समनुदेशिती को सुनने का अवसर देने के पश्चात् अधिनियम की धारा 32 की उपधारा (2) के अधीन स्पेक्ट्रम समनुदेशन के निलंबन, निरसन या कटौती का आदेश जारी कर सकती है।

(3) उप-नियम (2) के तहत प्रत्येक आदेश केंद्रीय सरकार द्वारा पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, और ऐसे आदेश के प्रकाशन की तारीख से तुरंत प्रभावी होगा:

बशर्ते कि समनुदेशन, प्राधिकार या लाइसेंस का निलंबन समनुदेशन की अवधि के विस्तार के लिए एक कारण या आधार नहीं होगा।

(4) समनुदेशिती किसी समनुदेशन के संबंध में भुगतान किए गए शुल्क या किसी अन्य शुल्क की वापसी का हकदार नहीं होगा जो निलंबन, निरसन, कटौती, संशोधन या भिन्नता का विषय है।

14. डिजिटल कार्यान्वयन- केंद्रीय सरकार, अधिनियम की धारा 53 के अनुसरण में, इन नियमों के डिजिटल कार्यान्वयन, जिसमें इन नियमों के तहत निर्दिष्ट किए जाने वाले किसी भी प्रपत्र, तरीके, आदेश, निर्देश या दिशानिर्देश का प्रकाशन शामिल है, के लिए एक या एक से अधिक पोर्टलों को अधिसूचित कर सकती है, ।

अनुसूची ।

(नियम 3(2) और 4 देखें)

स्पेक्ट्रम समनुदेशन के लिए आवेदन करने के लिए पात्र व्यक्ति	**विशिष्ट उपयोग**	**स्पेक्ट्रम प्रभारों के निर्धारण के लिए कार्यप्रणाली सहित विशिष्ट निबंधन और शर्तों पर लागू अनुलग्नक**
1. राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा		
अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 1 के प्रयोजन के लिए केंद्रीय	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यू एचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है;	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/

सरकार या केंद्रीय सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी।	(ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यू एचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यू एचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवा; तथा (छ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
2. विधि प्रवर्तन और अपराध रोकथाम		
(क) अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 2 के प्रयोजनार्थ केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; तथा (ख) यदि खंड (क) में निर्दिष्ट व्यक्ति कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग नेटवर्क के लिए स्पेक्ट्रम समनुदेशन चाहता है,	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यू एचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यू एचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यू एचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यू एचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार;

तो ऐसे व्यक्ति के पास दूरसंचार (कैप्टिव दूरसंचार सेवाओं के लिए प्राधिकार) नियम, 2026 के तहत कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवा प्राधिकार भी होगा।		(ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (छ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
3. लोक प्रसारण सेवाएं		
संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि केंद्रीय सरकार पोर्टल पर निर्दिष्ट करे।	स्थलीय प्रसारण सेवा	(क) अनुलग्नक-I: स्थलीय प्रसारण सेवा; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
4. आपदा प्रबंधन, जीवन और संपत्ति की रक्षा		
(क) अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 4 के उद्देश्य से केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 4 के प्रयोजन के लिए कार्यकलाप	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा

को करने की शक्तियां प्राप्त हैं; (ग) खंड (क) और (ख) के तहत निर्दिष्ट के इतर कोई भी व्यक्ति, जो नियम 4 के उप-नियम (2) के तहत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है; तथा (घ) यदि खंड (क) से (ग) में निर्दिष्ट व्यक्ति कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग नेटवर्क के लिए स्पेक्ट्रम समनुदेशन चाहता है, तो ऐसे व्यक्ति के पास दूरसंचार (कैप्टिव दूरसंचार सेवाओं के लिए प्राधिकार) नियम, 2026 के तहत एक कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवा प्राधिकार भी होगा।		(छ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
लागू विधि के अनुसार, एक्सेस स्पेक्ट्रम के लिए एक्सेस सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ स्पेक्ट्रम समनुदेशन प्रदान करने के लिए प्राधिकार रखने वाला कोई भी व्यक्ति, इस अनुसूची की प्रविष्टि 4 के	पोर्टल पर केंद्रीय सरकार द्वारा निर्दिष्ट किए गए अनुसार उपयोग किया जाएगा।	अनुलग्नक-XI: एक्सेस स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम शुल्क।

संबंध में तीन महीने से अनधिक की अवधि के लिए स्पेक्ट्रम समनुदेशन की मांग कर सकता है।		
5. वैज्ञानिक अनुसंधान, संसाधन विकास और खोज का संवर्धन		
(क) अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 5 के प्रयोजन के लिए केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि के तहत स्थापित कोई सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 5 के प्रयोजन के लिए कार्यकलाप को करने की शक्तियां प्राप्त हैं; तथा (ग) खंड (क) और (ख) के तहत निर्दिष्ट के इतर कोई भी व्यक्ति, जो नियम 4 के उप-नियम (2) के तहत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है।	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (छ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

6. सड़कों, रेल मार्गों, मैट्रो, क्षेत्रीय रेल, अन्तरदेशीय जलमार्गों, विमानपत्तनों, पाइप लाइनों, पोत परिवहन और अन्य यातायात प्रणालियों की सुरक्षा और प्रचालन।		
(क) अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 6 के प्रयोजनार्थ केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि के अधीन स्थापित कोई सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 6 के प्रयोजन के लिए कार्यकलाप करने की शक्तियां प्राप्त हों; (ग) खंड (क) और (ख) के तहत निर्दिष्ट के इतर कोई भी व्यक्ति, जो नियम 4 के उप-नियम (2) के तहत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है; (घ) यदि खंड (क) से (ग) में निर्दिष्ट व्यक्ति, कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग नेटवर्क के लिए स्पेक्ट्रम	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (छ) मेट्रो और क्षेत्रीय रेल प्रणालियों की सुरक्षा और संचालन के संबंध में सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; (छ) अनुलग्नक-XI: एक्सेस स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम शुल्क; तथा (ज) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

समनुदेशन चाहता है, तो ऐसे व्यक्ति के पास दूरसंचार (कैप्टिव दूरसंचार सेवाओं के लिए प्राधिकार) नियम, 2026 के तहत एक कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवा प्राधिकार भी होगा; तथा (ङ) खंड (क) से (ग) के तहत निर्दिष्ट व्यक्ति उस क्षेत्र के लिए प्रासंगिक विधि के तहत प्रासंगिक अनुमतियां भी रखेंगे जिसके लिए समनुदेशन मांगा गया है।		
7. प्राकृतिक संसाधनों और वन्य जीवन का संरक्षण		
(क) अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 7 के प्रयोजन के लिए केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि के तहत स्थापित कोई	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार;

सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 7 के प्रयोजन के लिए कार्यकलापों को करने की शक्तियां प्राप्त हैं; तथा (ग) खंड (क) और (ख) के तहत निर्दिष्ट के इतर कोई भी व्यक्ति, जो नियम 4 के उप-नियम (2) के तहत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है।		(ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (छ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
8. मौसम विभाग और मौसम पूर्वानुमान		
(क) अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 8 के प्रयोजनार्थ केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि के तहत स्थापित कोई सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 8 के प्रयोजन	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ग) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (घ) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ग) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (घ) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (ङ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

के लिए कार्यकलाप को शुरू करने की शक्ति है; तथा (ग) खंड (क) और (ख) के तहत निर्दिष्ट के अलावा कोई भी व्यक्ति, जो नियम 4 के उप-नियम (2) के तहत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है।		
9. अव्यवसायी स्टेशनों, नौ-परिवहन, दूरमिति और अन्य समान उपयोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त समर्पित बैंड		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 9 के उद्देश्य से ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 9 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को करने की शक्तियां हैं; तथा (ग) खंड (क) और (ख) के तहत निर्दिष्ट के	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में मेरीटाइम मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में मेरीटाइम मोबाइल सेवा; (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (छ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम शुल्क के भुगतान में देरी के लिए विलंब शुल्क

अलावा कोई भी व्यक्ति, जो नियम 4 के उप-नियम (2) के तहत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है।		
10. खानें, पत्तनों और तेल की खोज की सुरक्षा और प्रचालनों तथा ऐसे अन्य क्रियाकलापों के लिए, जहां स्पैक्ट्रम का उपयोग प्राथमिक रूप से सुरक्षा और प्रचालनों का समर्थन करने के लिए है, केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, या उनके अस्तित्वों या अन्य प्राधिकृत अस्तित्वों द्वारा उपयोग		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 10 के प्रयोजन के लिए ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि के अधीन स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की प्रथम अनुसूची की प्रविष्टि 10 के प्रयोजन के लिए कार्यकलाप करने की शक्तियां हों; (ग) खंड (क) और (ख) के तहत निर्दिष्ट के अलावा कोई भी व्यक्ति, जो नियम 4 के उप-नियम (2) के	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में मेरीटाइम मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में मेरीटाइम मोबाइल सेवा; (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/ यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (छ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

तहत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है; (घ) यदि खंड (क) से (ग) में निर्दिष्ट व्यक्ति कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग नेटवर्क के लिए स्पेक्ट्रम समनुदेशन की मांग करते हैं, तो ऐसे व्यक्ति के पास दूरसंचार (कैप्टिव दूरसंचार सेवाओं के लिए प्राधिकार) नियम, 2026 के तहत एक कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवा प्राधिकार भी होगा; तथा (ङ) खंड (क) से (ग) के तहत निर्दिष्ट व्यक्ति उस क्षेत्र के लिए प्रासंगिक कानून के तहत प्रासंगिक अनुमतियां भी रखेंगे जिसके लिए समनुदेशन मांगा गया है।		
11. पब्लिक मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवाएं		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या अधिनियम की पहली अनुसूची की	पीएमआरटी सेवा	(क) अनुलग्नक-VIII: पीएमआरटी सेवा; तथा

प्रविष्टि 11 के प्रयोजन के लिए ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 11 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को करने की शक्तियां हैं; तथा (ग) केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।		(ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
12. दूरसंचार सेवाओं के लिए रेडियो बैकहॉल		
पोर्टल पर केंद्रीय सरकार द्वारा निर्दिष्ट आवृत्तियों की श्रेणी में स्पेक्ट्रम रखने वाली निम्नलिखित संस्थाएं: (क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या अधिनियम की	रेडियो बैकहॉल	अनुलग्नक-X: रेडियो बैकहॉल।

पहली अनुसूची की प्रविष्टि 12 के प्रयोजन के लिए ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि के तहत स्थापित कोई सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 12 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को करने की शक्तियां हैं; तथा (ग) केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।		
13. सामुदायिक रेडियो स्टेशन		
केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	स्थलीय प्रसारण सेवा	(क) अनुलग्नक-I: स्थलीय प्रसारण सेवा; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

14. इन-फ्लाइट और समुद्रीय सहबद्धधता		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 14 के प्रयोजन के लिए ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 14 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को करने की शक्तियां हैं; तथा (ग) केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	इन-फ्लाइट और समुद्रीय सहबद्धधता	कोई स्पेक्ट्रम शुल्क लागू नहीं होगा।
15. अंतरिक्ष अनुसंधान और अनुप्रयोग, प्रस्थान यान प्रचालन और सैटेलाइट नियंत्रण के लिए आधार स्टेशन		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या अधिनियम की	सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा

पहली अनुसूची की प्रविष्टि 15 के प्रयोजन के लिए ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 15 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को करने की शक्तियां हैं; तथा (ग) खंड (क) और (ख) के तहत निर्दिष्ट के अलावा कोई भी व्यक्ति, जो नियम 4 के उप-नियम (2) के तहत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है।		(ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
16. नीचे सूचीबद्ध कुछ सैटेलाइट-आधारित सेवाएँ:		
<u>16(क). टेलीपोर्ट</u>		
केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

16(ख). टेलीविजन चैनल		
केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
16(ग). डायरेक्ट टू होम		
केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
16(घ). हैडएंड इन द स्काई		
केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
16(ङ). डिजिटल सैटेलाइट समाचार एकत्रीकरण		
केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।
16 (च) (1). वैरी स्माल एपर्चर टर्मिनल (कैप्टिव)		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई भी एजेंसी वैरी स्माल	भू-स्थिर कक्षा का उपयोग करते हुए सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

एपर्चर टर्मिनल (कैप्टिव) के संबंध में अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 16 के प्रयोजन के लिए; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के अधीन स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे वैरी स्माल ऐपर्चर टर्मिनल (कैप्टिव) के संबंध में अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 16 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को करने की शक्तियां हैं; तथा (ग) केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।		
16 <u>(च)(2). वैरी स्माल एपर्चर टर्मिनल (वाणिज्यिक)</u>		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई भी	भू-स्थिर कक्षा का उपयोग करते हुए सैटेलाइट आधारित वाणिज्यिक संचार सेवाएं	अनुलग्नक-IX: सैटेलाइट आधारित वाणिज्यिक संचार सेवाएं।

एजेंसी वैरी स्माल एपर्चर टर्मिनल (वाणिज्यिक) के संबंध में अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 16 के प्रयोजन के लिए; केंद्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत, (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसके पास वैरी स्माल एपर्चर टर्मिनल (वाणिज्यिक) के संबंध में अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 16 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को शुरू करने की शक्तियां हैं; तथा (ग) केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसा कि पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।		

16 (छ). राष्ट्रीय लंबी दूरी		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या राष्ट्रीय लंबी दूरी के संबंध में अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 16 के प्रयोजन के लिए ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे राष्ट्रीय लंबी दूरी के संबंध में अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 16 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को शुरू करने की शक्तियां हैं; तथा (ग) केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति, पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

16 (ज). अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई भी एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी के संबंध में अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 16 के प्रयोजन के लिए; (ख) संसद द्वारा या किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के अधीन स्थापित एक सांविधिक निकाय, जिसे अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी के संबंध में अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 16 के प्रयोजन के लिए गतिविधियों को शुरू करने की शक्तियां हों; तथा (ग) केंद्रीय सरकार के रूप में संबंधित प्राधिकार या लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति पोर्टल पर निर्दिष्ट कर सकता है।	सैटेलाइट आधारित सेवाएं	(क) अनुलग्नक-VII: उपग्रह आधारित सेवाएं; तथा (ख) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभारों के विलंबित भुगतान के लिए विलंब शुल्क।

16 (झ). अधिनियम की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट मोबाइल सैटेलाइट सेवा बैंड		
भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) एसयूआई जेनेरिस श्रेणी के अंतर्गत	भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा एसयूआई जेनेरिस श्रेणी के अंतर्गत ग्लोबल सैटेलाइट फोन सेवा (जीएसपीएस)।	अनुलग्नक-IX: सैटेलाइट आधारित वाणिज्यिक संचार सेवाएं।
17. दूरसंचार सेवाओं के लिए केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या उनकी प्राधिकृत अभिकरणों द्वारा उपयोग		
(क) केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या अधिनियम की पहली अनुसूची की प्रविष्टि 17 के प्रयोजन के लिए ऐसी सरकार द्वारा नामित कोई एजेंसी; (ख) यदि खंड (ए) में विनिर्दिष्ट व्यक्ति कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग नेटवर्क के लिए स्पेक्ट्रम समनुदेशन चाहता है, तो ऐसे व्यक्ति के पास दूरसंचार (कैप्टिव दूरसंचार सेवाओं के लिए प्राधिकार) नियम, 2026 के तहत कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवा प्राधिकार भी होगा।	(क) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनल वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; तथा (च) सैटेलाइट आधारित सेवाएं।	(क) अनुलग्नक-II: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में लैंड मोबाइल सेवा, जिसमें 375 KHZ तक की बैंडविड्थ है; (ख) अनुलग्नक-III: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में समुद्री मोबाइल सेवा; (ग) अनुलग्नक-IV: एलएफ/एमएफ/एचएफ/वीएचएफ/यूएचएफ बैंड में वैमानिकी सेवा; (घ) अनुलग्नक-V: रेडियोनेविगेशन और रेडियोलोकेशन सेवाओं के लिए रडार; (ङ) अनुलग्नक-VI: मल्टीप्लेक्स मल्टी-चैनलों वाली फिक्स्ड और मोबाइल सेवाएं; (च) अनुलग्नक-VII: सैटेलाइट आधारित सेवाएं; तथा (छ) अनुलग्नक-XIII: स्पेक्ट्रम प्रभार के भुगतान में देरी के लिए विलंब शुल्क
18. भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) एन्ड महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल)		
(क) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल); और		अनुलग्नक-XI: एक्सेस स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम प्रभार।

(ख) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल),जो प्रासंगिक प्राधिकार या लाइसेंस धारण करेगा, जैसा कि केंद्रीय सरकार पोर्टल पर विनिर्दिष्ट कर सकती है।		
19. नई प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन को समर्थ बनाने के लिए परीक्षण जांच, परिप्रयोग, प्रदर्शन, जिसके अंतर्गत एक या अधिक विनियामक सैंडबाक्स का सृजन भी है		
